JK

Roll No. ____________________

O.M.R. Serial No. : | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# M.A. II Semester (NEP) Examination, 2025-26

## हिन्दी

## शोधात्मक लेखन (Elective)

| Question Booklet Series |
|---|
| D |

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 8 | 0 | 6 | T |

**Time : 1 : 30 Hours ]** **[ Maximum Marks : 75**

***Instructions to the Examinee :***

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. **All** questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as – A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on the last page)***

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गये हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C तथा D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

***(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)***

**Rough Work**

रफ कार्य

1. एक अच्छे अनुसंधान कर्ता में कौन सा गुण नहीं होता है?
   (A) जिज्ञासु होना
   (B) समस्या समाधान में रूचि होना
   (C) वैज्ञानिक दृष्टिकोण
   (D) अंधानुकरण

2. शोध कार्य में अशुद्धियों के निर्मूलन का प्रमुख उद्देश्य क्या है?
   (A) भाषा को अलंकारिक बनाना
   (B) शोध को विस्तृत करना
   (C) पाठ की शुद्धता एवं प्रामाणिकता सुनिश्चित करना
   (D) विषय को सरल बनाना

3. कौन सी विधि ज्ञान प्राप्त करने के लिए सर्वश्रेष्ठ है?
   (A) सत्ता
   (B) वैव्यक्तिक अनुभाव
   (C) निगमन विधि
   (D) वैज्ञानिक विधि

4. संपादन कार्य में कौन-सा गुण अनिवार्य है?
   (A) कल्पनाशीलता
   (B) भावुकता
   (C) निष्पक्षता एवं वैज्ञानिक दृष्टि
   (D) अलंकारिक शैली

5. निम्नलिखित में से कौन केंद्रीय प्रवृत्ति की माप नहीं होती है?
   (A) माध्यिका
   (B) समांतर माध्य
   (C) बहुलांक
   (D) क्रियात्मक अनुसंधान

6. हिन्दी शोध कार्य में 'निरूपाधि शोध' का अर्थ क्या है?
   (A) उपाधि प्राप्ति हेतु किया गया शोध
   (B) बिना किसी डिग्री उद्देश्य के किया गया स्वतंत्र शोध
   (C) केवल विश्वविद्यालयीय शोध
   (D) पाठ्यक्रम आधारित शोध

7. संपादन में 'संशोधित पाठ' किसे कहते हैं?
   (A) मूल पांडुलिपि
   (B) अनूदित पाठ
   (C) पाठभेदों के आधार पर सुधारा गया पाठ
   (D) टीका सहित पाठ

8. शोध प्रतिवेदन की कौन सी विशेषता नहीं है?
   (A) यह शोध कार्य का अंतिम चरण है
   (B) शोध कार्य का एक सुव्यवस्थित स्तर है
   (C) यह संप्रेषण की एक प्रभावी विधि है
   (D) इसके बिना शोध कार्य पूर्ण होता है

9. आलोचनात्मक संपादन (Critical Editing) का लक्ष्य क्या है?
   (A) लोकप्रिय पाठ प्रस्तुत करना
   (B) मूल लेखक का आशय निर्धारित करना
   (C) सरल भाषा देन
   (D) आधुनिक शैली अपनाना

10. हिन्दी शोध कार्य की सीमा के रूप में किस प्रवृत्ति की आलोचना की जाती है?
   (A) नवीन विषय चयन
   (B) अंतर्विषयक दृष्टिकोण
   (C) संदर्भ-विहीन एवं सतही शोध
   (D) आलोचनात्मक विवेचन

11. प्रतिचयन (Sampling) का प्रयोग किस प्रद्धति में नहीं किया जाता है?
   (A) लाटरी पद्धति
   (B) ग्रीड पद्धति
   (C) जनसंख्या पद्धति
   (D) उपर्युक्त सभी

12. शोधार्थी को शोध सीमा के अन्तर्गत शोध विषय के निर्वाचन के समय प्राथमिकता के स्तर पर क्या देखना चाहिए?
   (A) शोध-प्रविधि, आलोचना दृष्टि की अनुकूलता एवं अध्ययन वृत्ति
   (B) विषयगत रूचि, भाषागत ज्ञान, अपनी शोध-क्षमता एवं वृत्ति
   (C) विषय के विद्वानों का ज्ञान, सामग्री के स्रोत एवं श्रम निष्ठा
   (D) इनमें से कोई नहीं

13. पांडुलिपि अवलोकन किस प्रकार के शोध में अधिक आवश्यक होता है?
   (A) सांख्यिकी शोध
   (B) प्रयोगात्मक शोध
   (C) ऐतिहासिक एवं पाठानुसंधान
   (D) समाजशास्त्रीय शोध

14. हिन्दी शोध कार्य में 'सोपाधि' का तात्पर्य क्या है?
   (A) बिना उपाधि के किया गया शोध
   (B) उपाधि (डिग्री) प्राप्ति हेतु किया गया शोध
   (C) स्वतंत्र साहित्यिक लेखन
   (D) केवल परियोजना आधारित शोध

15. शोध प्रबंध में परिशिष्ट का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?
   (A) शोध का निष्कर्ष प्रस्तुत करना
   (B) मुख्य पाठ को संक्षिप्त बनाना
   (C) सहायक एवं अतिरिक्त सामग्री प्रस्तुत करना
   (D) भूमिका को स्पष्ट करना

16. शोध कार्य में पाद-टिप्पणी का प्रयोग क्यों किया जाता है?
   (A) मूल पाठ को सरल बनाए रखने के लिए
   (B) शोध को प्रभावशाली बनाने के लिए
   (C) पाठ की लंबाई बढ़ाने के लिए
   (D) परीक्षक को भ्रमित करने के लिए

17. भूमिका और निष्कर्ष में मुख्य अंतर क्या है?
   (A) भूमिका विस्तृत होती है, निष्कर्ष संक्षिप्त
   (B) भूमिका प्रारंभिक दिशा देती है, निष्कर्ष परिणाम प्रस्तुत करता है
   (C) दोनों समान होते हैं
   (D) भूमिका केवल पृष्ठभूमि देती है

18. शोध कार्य का समग्र आकलन किस आधार पर किया जाता है?

(A) केवल भूमिका के आधार पर

(B) केवल निष्कर्ष के आधार पर

(C) सम्पूर्ण शोध संरचना के आधार पर

(D) केवल संदर्भ सूची के आधार पर

19. शोध में निष्कर्षों का आकलन किस आधार पर किया जाता है?

(A) शोधार्थी की व्यक्तिगत राय

(B) पूर्व निर्धारित परिकल्पना

(C) भावनात्मक अपील

(D) तथ्यों एवं प्रमाणों की पुष्टि

20. शोध मे अनुक्रमणिका का समग्र उद्देश्य क्या है?

(A) शोध को लंबा बनाना

(B) शोध को सरल, उपयोगी और संदर्भ-सुलभ बनाना

(C) शोध का मूल्यांकन करना

(D) शोध विषय बदलना

21. शोध कार्य में संपादन का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?

(A) भाषा को अलंकारिक बनाना

(B) ग्रंथ को संक्षिप्त करना

(C) प्रामाणिक एवं शुद्ध पाठ स्थापित करना

(D) विषय विस्तार करना

22. वैज्ञानिक शोध-प्रणाली में परिकल्पना (Hypothesis) का क्या महत्व है?

(A) शोध को भावनात्मक बनाना

(B) निष्कर्ष पहले से तय करना

(C) शोध को संक्षिप्त करना

(D) शोध की दिशा निर्धारित करना

23. शोध में 'आधार-ग्रंथ का पारायण' से क्या तात्पर्य है?

(A) ग्रंथ का सामान्य पठन

(B) ग्रंथ का आलोचनात्मक एवं गहन अध्ययन

(C) ग्रंथ का संक्षेप

(D) ग्रंथ का अनुवाद

24. 'पीयर-रिव्यू' से क्या तात्पर्य है?

(A) शोध-पत्र का स्वयं मूल्यांकन

(B) संपादक द्वारा सुधार

(C) विषय-विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन

(D) पाठकों की प्रतिक्रिया

25. कार्ड-निर्माण में संदर्भ विवरण (Reference) क्यो आवश्यक होता है?

(A) कार्ड को आकर्षक बनाने के लिए

(B) साहित्यिक चोरी से बचने के लिए

(C) शोध को लंबा करने के लिए

(D) भाषा को कठिन बनाने के लिए

26. शोध में साक्षात्कार विधि की सफलता किस पर निर्भर करती है?

(A) प्रश्नों की संख्या पर

(B) साक्षात्कार की अवधि पर

(C) शोध विषय की लोकप्रियता पर

(D) साक्षात्कारकर्ता और उत्तरदाता के बीच विश्वास पर

27. शोध में पत्राचार विधि का प्रमुख लाभ क्या है?

(A) समय अधिक लगता है

(B) कम खर्च में दूरस्थ सूचना प्राप्त होती है

(C) प्रत्यक्ष संपर्क आवश्यक होता है

(D) उत्तरों की अस्पष्टता बढ़ती है

28. निम्नलिखत में से कौन शोध विधि नहीं है?

(A) अवलोकन

(B) ऐतिहासिक

(C) सर्वे

(D) दार्शनिक

29. शोध में 'संचयन/संकलन' से क्या आशय है?

(A) आँकड़ों का विश्लेषण

(B) आँकड़ों का व्यवस्थित संग्रह

(C) निष्कर्ष निकालना

(D) शोध प्रतिवेदन लिखना

30. शोध प्रारंभ करने से पूर्व किस बात का होना आवश्यक है?

(A) पर्याप्त समय और धैर्य

(B) केवल मार्गदर्शक की स्वीकृति

(C) शोध परिणामों की जानकारी

(D) प्रकाशन की योजना

31. शोध-पत्र और शोध-प्रबंध में मुख्य अंतर क्या हैं?

(A) दोनों समान होते हैं

(B) शोध-पत्र संक्षिप्त, शोध-प्रबंध विस्तृत होता है

(C) शोध-पत्र में निष्कर्ष नहीं होते

(D) शोध-प्रबंध प्रकाशित नहीं होता

32. शोध में निर्देशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) शोधकर्ता पर नियंत्रण रखना

(B) शोध को निर्धारित समय में पूर्ण कराना

(C) शोधकर्ता को सही दिशा एवं मार्गदर्शन देना

(D) शोध विषय बदलना

33. शोध विषय निर्धारण का प्रथम आधार क्या होना चाहिए?

(A) शोधकर्ता की व्यक्तिगत रूचि

(B) विषय की कठिनता

(C) मार्गदर्शक की इच्छा

(D) विषय की नवीनता एवं प्रासंगिकता

34. शोध प्रक्रिया का प्रथम चरण कौन-सा है?

(A) आँकड़ों का विश्लेषण

(B) निष्कर्ष लेखन

(C) समस्या का चयन

(D) परिकल्पना का परीक्षण

35. शोध में प्रश्नोत्तरी (प्रश्नावली) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) आँकड़ों का विश्लेषण करना

(B) बड़ी संख्या में उत्तरदाताओं से सूचना एकत्र करना

(C) निष्कर्ष लिखना

(D) शोध विषय बदलना

36. पाठानुसंधान का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) नए ग्रंथ की रचना

(B) पाठ की आलोचना करना

(C) शुद्ध एवं प्रामाणिक पाठ की स्थापना

(D) भाषा का सौंदर्य विश्लेषण

37. 'शोध नवीन तथ्यों की खोज की वैज्ञानिक प्रक्रिया है'-यह परिभाषा किस विद्यवान की है?

(A) गुड एवं हैट

(B) रेडमैन एवं मोरी

(C) क्लिफोर्ड वुडी

(D) जॉर्ज जे. मूले

38. शोध में साक्षात्कार विधि का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) आँकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण

(B) प्रत्यक्ष संवाद द्वारा सूचना प्राप्त करना

(C) साहित्य समीक्षा करना

(D) शोध प्रतिवेदन लिखना

39. वर्णनात्मक अनुसंधान के प्रकारों मे से कौन सा सही है?

(A) सर्वेक्षण अध्ययन

(B) अंतर्संबंधों का अध्ययन

(C) विकासात्मक अध्ययन

(D) उक्त सभी

40. निम्न में से किस विद्वान ने अनुसंधान को ''नवीन तथ्यों की खोज की वैज्ञानिक प्रक्रिया'' कहा है?

(A) क्लिफोर्ड वुडी

(B) क्रेसवेल

(C) रेडमैन एवं मोरी

(D) जॉर्ज जे. मूले

41. शोध वह व्यवस्थित प्रक्रिया है जो नई खोज करती है और एकत्रित एवं संगठित ज्ञान को विकसित करती है किसने कहा था?

(A) जी.एम. फिशर

(B) सेंचुरी

(C) जान वेस्ट

(D) बी.एच.मोरी

42. 'आलोचना' और 'पाठानुसंधान' में मुख्य अंतर क्या है?

(A) आलोचना भावात्मक है, पाठानुसंधान तथ्यात्मक

(B) आलोचना मूल्यांकन करती है, पाठानुसंधान पाठ-स्थापना करता है

(C) दोनों समान हैं

(D) दोनों कल्पनाशील हैं

43. 'कामायनी के पात्रों का मनोविश्लेषणात्मक अध्ययन' यह शोध विषय उदाहरण हैः

(A) मनोवैज्ञानिक शोध का

(B) ऐतिहासिक शोध का

(C) समाजशास्त्रीय शोध का

(D) सौन्दर्य शास्त्रीय शोध का

44. निम्नलिखित में से कौन शब्द शोध प्रक्रिया का बोध कराता है?

(A) कल्पना

(B) अनुभूति

(C) अन्वेषण

(D) अभिव्यक्ति

45. शोध में पत्राचार करते समय किस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए?

(A) भाषा की जटिलता

(B) पत्र की औपचारिकता और स्पष्टता

(C) व्यक्तिगत भावनाएँ

(D) लंबा विवरण

46. वैज्ञानिक ज्ञान किसे कहेंगे?

(A) धार्मिक पैगंबरों से प्राप्त जान

(B) सामाजिक रीति-रिवाज

(C) धर्मग्रंथ

(D) प्रयोगशाला तथा क्षेत्र प्रयोग पर आधारित ज्ञान

47. शोध में प्रश्नोत्तरी से प्राप्त आँकड़े सामान्यतः किस प्रकार के होते हैं?

(A) गुणात्मक

(B) मात्रात्मक

(C) काल्पनिक

(D) साहित्यिक

48. एक आदर्श शोध-निर्देशक का प्रमुख गुण क्या माना जाता है?

(A) कठोर अनुशासन

(B) विषय पर संपूर्ण अधिकार

(C) शोध-पद्धति का ज्ञान एवं अनुभव

(D) प्रशासनिक क्षमता

49. शोध का तात्पर्य किससे है?

(A) नवीन तथ्यों की खोज एवं विश्लेषण

(B) पहले से ज्ञात तथ्यों का दोहराव

(C) भावात्मक अभिव्यक्ति

(D) साहित्य सृजन

50. शोध की विषयवस्तु से संबंधित साहित्य के अवलोकन को क्या कहा जाता है?

(A) साहित्य का अवलोकन

(B) साहित्य समीक्षा

(C) साहित्य का सर्वेक्षण

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. श्रेष्ठ शोध सदैव प्रारंभ होता है?

(A) योजना और अध्ययन की तैयारी से

(B) विचारों की मौलिकता से

(C) शोधप्रविधि के अध्ययन से

(D) अन्य लोगों के कार्यों से

52. सांख्यिकीय पद्धति द्वारा निर्णय लिए जाते हैंः

(A) एकाकी

(B) राजनीतिक

(C) आर्थिक

(D) सामूहिक

53. एक अच्छे अनुसंधान की मूल प्रकृति हैंः

(A) अतार्किता

(B) संकुचित वृति

(C) तार्किकता

(D) उक्त सभी

54. अनुसंधान में अनुसूची को परिभाषित किया गया है-

(A) अध्ययन कई लिये समयावधि

(B) ऑकड़े संग्रह के लिए समयावधि

(C) प्राथमिक आँकड़े के संग्रहण का साधन जिसमें प्रश्न सम्मिलित हो

(D) माध्यमिक आँकड़े के संग्रहण का साधन जिसमें प्रश्न सम्मिलित हो

55. रिपोर्ट लिखने में शामिल चरणी को व्यवस्थित करें

a. रफ ड्राफ्ट की तैयारी

b. अंतिम रूपरेखा की तैयारी

c. विषय वस्तु का तार्किक विश्लेषण

d. पुनर्लेखन और पॉलिशिंग

e. अंतिम मसौदा लिखना

f. अंतिम ग्रंथ सूची की तैयारी

(A) a, b, c, d, e, f

(B) c, b, a, d, f, e

(C) c, b, d, a, f ,e

(D) c, a, b, e, f, d

56. किसी प्रकाशित शोध आलेख के संदर्भ में D.O.I. का विस्तृत रूप है?

(A) डेटा ऑब्जेक्ट इंटीग्रेशन

(B) डिजिटल ऑब्जेक्ट आइडेंटीफायर

(C) डेटा ऑब्जेक्ट इंटरफेस

(D) डिजिटल ऑब्जेक्ट इंटरफेस

57. शोध प्रबंध का प्रवेशद्वार किसे कहते हैं?

(A) पाद-टिप्पणी को

(B) उद्धरण लेखन को

(C) अनुक्रमणिक को

(D) संदर्भान्कन को

58. शोध प्रबंधों में अध्यायों, खंडों, उपखंडों के पृष्ठांकन को क्या कहते हैं?

(A) शीर्षक

(B) अनुक्रमणिका

(C) सम्पादन

(D) परिशिष्ट लेखन

59. साक्षात्कार पद्धति का सबसे बड़ा दोष क्या है?

(A) प्रामाणिकता

(B) प्रश्नों की सीमित संख्या

(C) उद्देश्यपूर्णता

(D) सरलता

60. साक्षात्कार का समानार्थी शब्द है-

(A) प्रेसवार्ता

(B) भेटवार्ता

(C) अक्षरवार्ता

(D) उपर्युक्त सभी

61. शोध पत्र और शोध लिखने की शैली में होना चाहिये-

(A) पद के चयन में रचनात्मकता

(B) भाषा के अनुप्रयोग में वैज्ञानिकला

(C) प्रदतों और सारणियों के प्रस्तुतीकरण में यांत्रिकीकरण

(D) संदर्भीकरण के सम्बंध में परिवर्ती होना

62. साहित्य समीक्षा क्या है?

(A) शोधकार्य की पहचान करना

(B) मूल्यांकन और व्याख्या करने के लिए एक व्यवस्थित विधि को अपनाना

(C) एक विशेष घटना के बारे में पहले से ही जो ज्ञात है इसका लेखा-जोखा रखना

(D) उपर्युक्त सभी

63. अनुसंधान के बारे में कौन सा कथन गलत हैः

(A) अनुसंधान को अंग्रेजी में रिसर्च कहते हैं

(B) अनुसंधान में नवीन तथ्यों की खोज की जाती है

(C) इसमें प्राचीन तथ्यों का नवीन अर्थापन होता है

(D) अनुसंधान व्यवस्थित तथा सुनियोजित प्रक्रिया है

64. डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी के अनुसार हिन्दी शोध का स्वरूप कैसा होना चाहिए?

(A) केवल तथ्यपरक

(B) भावप्रधान

(C) केवल भाषावैज्ञानिक

(D) ऐतिहासिक तथ्यों के साथ सांस्कृतिक दृष्टि से युक्त

65. डॉ. वियजपाल सिंह के अनुसार हिन्दी शोध की आधुनिक प्रवृत्ति क्या है?

(A) परंपरागत व्याख्या

(B) केवल पाठानुसंधान

(C) अंतर्विषयक और बहुआयामी दृष्टि

(D) भावप्रधान आलोचना

66. हिन्दी शोध का प्रारम्भिक स्वरूप कैसा था?

(A) सांख्यिकीय

(B) ऐतिहासिक एवं पाठानुसंधानात्मक

(C) मनोवैज्ञानिक

(D) प्रयोगात्मक

67. शोध कार्य का प्रारम्भिक भाग है?

(A) भूमिका

(B) संदर्भ सूची

(C) परिशिष्ट लेखन

(D) पाद-टिप्पणी

68. शोध लेखन में अल्पविराम (,) का प्रयोग मुख्यतः किसलिए किया जाता है?

(A) वाक्य समाप्त करने हेतु

(B) भाव प्रकट करने हेतु

(C) उद्धरण देने हेतु

(D) समान पदों या उपवाक्यों को अलग करने हेतु

69. हिन्दी शोध कार्य की प्रमुख उपलब्धि क्या मानी जाती है?

(A) भावात्मक विवेचना की प्रधानता

(B) प्राचीन ग्रंथों का वैज्ञानिक संपादन

(C) केवल व्याख्यात्मक आलोचना

(D) अलंकारिक भाषा का विकास

70. शोध भाषा का मूल उद्देश्य क्या होता है?

(A) भावनाओं की अभिव्यक्ति

(B) सौंदर्यबोध उत्पन्न करना

(C) तथ्यों एवं निष्कर्षों को स्पष्ट और तर्कसंगत रूप में प्रस्तुत करना

(D) पाठक का मनोरंजन

71. शोध भाषा में निष्पक्षता का क्या अर्थ है?

(A) लेखक की निजी राय को प्रधानता देना

(B) आलोचनात्मक भाषा

(C) भावनात्मक प्रस्तुति

(D) विषय के प्रति तटस्थ दृष्टिकोण अपनाना

72. शोध भाषा में तकनीकी शब्दों का प्रयोग क्यों आवश्यक होता है?

(A) भाषा को कठिन बनाने हेतु

(B) विद्वता प्रदर्शन हेतु

(C) विषय की सटीक अभिव्यक्ति हेतु

(D) पाठक को प्रभावित करने हेतु

73. शोध में अंक (Numbers) का प्रयोग मुख्यतः किस उद्देश्य से होता है?

(A) भावात्मक प्रभाव के लिए

(B) तथ्यात्मक एवं सांख्यिकीय सटीकता हेतु

(C) भाषा सौंदर्य हेतु

(D) शैली परिवर्तन हेतु

74. निम्नलिखित में से अच्छी प्रश्नावली के गुण कौन-से हैं?

(A) स्पष्टता

(B) निश्चित विषयवस्तु

(C) सटीक शब्द

(D) उपर्युक्त सभ्ज्ञी

75. शोध लेखन में अनुच्छेदीकरण का अभाव किस समस्या को जन्म देता है?

(A) भाषा की सरलता

(B) पाठ की पठनीयता

(C) पाठक की समझ में बाधा

(D) शोध की वैज्ञानिकता

76. शोध अनुच्छेद का प्रारंभ सामान्यतः किससे होना चाहिए?
   (A) उद्धरण से
   (B) निष्कर्ष से
   (C) विषय-वाक्य (Topic Sentence) से
   (D) प्रश्न से

77. शोध लेखन में अनुच्छेदीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?
   (A) भाषा को अलंकारिक बनाना
   (B) विचारों को सुव्यवस्थित और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करना
   (C) शोध को लंबा करना
   (D) भावनात्मक प्रभाव उत्पन्न करना

78. शोध लेखन में विरामांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है?
   (A) भाषा को अलंकारिक बनाना
   (B) वाक्यों को लंबा करना
   (C) अर्थ की स्पष्टता और बोधगम्यता बढ़ाना
   (D) लेखन को आकर्षक बनाना

79. छात्र गृह कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर प्रयोग किया जा सकता है?
   (A) ऐतिहासिक अनुंसधान
   (B) प्रयोगात्मक अनुंसधान
   (C) वर्णनात्मक अनुंसधान
   (D) क्रियात्मक अनुंसधान

80. हिन्दी शोध में अंतर्विषयक (Interdisciplinary) दृष्टिकोण का अर्थ क्या है?
   (A) केवल साहित्यिक अध्ययन
   (B) एक ही विषय पर शोध
   (C) विभिन्न विषयों के सिद्धांतों का प्रयोग
   (D) भावनात्मक अध्ययन

81. अनुच्छेदीकरण का संबंध मुख्यतः किससे है?
   (A) शब्द चयन से
   (B) वाक्य रचना से
   (C) विचारों के तार्किक विभाजन से
   (D) अलंकार प्रयोग से

82. शोध भाषा में किसका प्रयोग सामान्यतः वर्जित होता है?
   (A) व्यक्तिगत भावनाएँ और अलंकार
   (B) उद्धरण
   (C) तकनीकी शब्द
   (D) परिभाषित शब्दावली

83. शोध भाषा का प्रमुख उद्देश्य क्या होता है?
   (A) भावनात्मक प्रभाव उत्पन्न करना
   (B) पाठक का मनोरंजन करना
   (C) विचारों को स्पष्ट, तर्कसंगत और वस्तुनिष्ठ रूप में प्रस्तुत करना
   (D) भाषा को अलंकारिक बनाना

84. शोध प्रबंध के प्रस्तुतीकरण में मानक प्रारूप का पालन क्यों आवश्यक है?
   (A) परीक्षक को प्रभावित करने हेतु
   (B) विश्वविद्यालयीय एवं अकादमिक मान्यता हेतु
   (C) शोध को जटिल बनाने हेतु
   (D) शोध की मौलिकता घटाने हेतु

85. शोध भाषा और सर्जनात्मक भाषा में प्रमुख साम्य क्या है?
   (A) दोनों में भावुकता समान होती है
   (B) दोनों का उद्देश्य मनोरंजन होता है
   (C) दोनों विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम हैं
   (D) दोनों में अलंकारों का अनिवार्य प्रयोग होता है

86. साहित्यिक शोध हेतु आवश्यक है?

(A) अनुभूमि व कल्पनाशीलता

(B) चिंतन में तर्क बुद्धि

(C) लगन एवं अध्यवसाय वृत्ति

(D) उपयुक्त सभी

87. शोध प्रबंध के प्रस्तुतीकरण में एकरूपता (Consistency) का क्या अर्थ है?

(A) भाषा में विविधता

(B) प्रस्तुति में नवीनता

(C) शैली, उद्धरण और प्रारूप की समानता

(D) विषय परिवर्तन

88. शोध कार्य में आरेख (Diagram) का प्रयोग क्यों किया जाता है?

(A) सौंदर्य बढ़ाने हेतु

(B) विषय को कठिन बनाने हेतु

(C) जटिल तथ्यों को सरल व दृश्य रूप में समझाने हेतु

(D) पृष्ठ संख्या बढ़ाने हेतु

89. शोध भाषा और सर्जनात्मक भाषा में मूल वैषम्य किस स्तर पर होता है?

(A) शब्द चयन

(B) वाक्य रचना

(C) उद्देश्य

(D) व्याकरण

90. शोधकर्ता के गुण हैं?

(A) विवेकशीलता विधिवत कार्य करने की क्षमता उपयोगी सामग्री का ज्ञान

(B) मन की चंचलता व्यवहार में रूखापन परोपकारी

(C) उत्तरदाता का सहयोग उत्तरदाता की अपेक्षा उत्तरदाता से मतभेद

(D) साधनों की अपेक्षा साधनों के चयन में उदा-सीनता साधनों के ज्ञान से अभिज्ञता

91. पुस्तकालय कौशल का ज्ञान अनुसंधानकर्ता के लिए आवश्यक है इस संदर्भ में कौन सा कथन गलत है?

(A) उसके समय श्रम और धन की बचत होती है

(B) अनुसंधानकर्ता नवीनता सामग्री से परिचित होता है

(C) अनुसंधानकर्ता का आत्मविश्वास बढ़ जाता है

(D) अनुसंधान में कोई सहायता नहीं मिलती है

92. साहित्य समीक्षा क्या है?

(A) शोध कार्य की पहचान करना

(B) मूल्यांकन और व्याख्या करने के लिए एक व्यवस्थित विधि को अपनाना

(C) एक विशेष घटना के बारे में पहले से ही जो ज्ञात है इसका लेखा-जोखा रखना

(D) उपयुक्त सभी

93. हिन्दी शोध कार्य की प्रमुख सीमा क्या मानी जाती है?

(A) शोध विषयों की विविधता

(B) संदर्भ सामग्री की उपलब्धता

(C) मौलिकता का अभाव एवं पुनरावृत्ति

(D) आलोचनातमक दृष्टि

94. हिन्दी शोध कार्य में पाठानुसंधान की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है?

(A) आधुनिक रचनाओं का विश्लेषण

(B) लोक साहित्य का संकलन

(C) प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों का संपादन

(D) भाषायी प्रयोग

95. शोध प्रबंध के प्रस्तुतीकरण में भाषा-शैली कैसी होनी चाहिए?

(A) अलंकारिक और भावनात्मक

(B) कठिन एवं दार्शनिक

(C) सरल, स्पष्ट एवं वस्तुनिष्ठ

(D) काव्यात्मक

96. समस्या के चयन में अनुसंधान कर्ता स्वयं से प्रश्न करता है इनमें से कौन सा कथन गलत है?

(A) क्या इस समस्या में मेरी रूचि है

(B) क्या आंकड़े प्राप्त हो सकते हैं

(C) क्या उचित निर्देश प्राप्त हो सकेगा

(D) क्या नकल कर के डिग्री प्राप्त कर सकूंगा

97. शोध प्रबंध के प्रस्तुतीकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) शोध को आकर्षक बनाना

(B) शोध को संक्षिप्त करना

(C) शोध निष्कर्षों को सुव्यवस्थित एवं स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करना

(D) शोध को तकनीकी बनाना

98. निरुपाधि शोध हिन्दी शोध परंपरा में क्यों महत्वपूर्ण है?

(A) क्योंकि यह पाठ्यक्रम आधारित होता है

(B) क्योंकि यह डिग्री प्रदान करता है

(C) क्योंकि यह स्वतंत्र, सर्जनात्मक और नवोन्मेषी होता है

(D) क्योंकि यह सीमित विषयों तक रहता है

99. साहित्य सर्वेक्षण में कौन सी त्रुटियों होती हैं?

(A) यह अनावश्यक पुनरावृत्ति से बचाता है

(B) अब तक हो चुकी कार्य की सूचना देता है

(C) अनुसंधानकर्ता को त्रुटियों से बचाता है

(D) अनुसंधानकर्ता को हताश और निराश कर देता है

100. पाठानुसंधान में अशुद्धियों का निर्मूलन क्यों आवश्यक है?

(A) शोध को रोचक बनाने हेतु

(B) पाठ की ऐतिहासिकता बनाए रखने हेतु

(C) मूल पाठ का शुद्ध रूप स्थापित करने हेतु

(D) भाषा आधुनिकीकरण हेतु

**Rough Work**

रफ कार्य


***Example :***

**Question :**

**Q. 1**

**Q. 2**

**Q. 3**




5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.
6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.
7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.
8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.
9. There will be no negative marking.
10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.
11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.
12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question booklet, then after showing it to the invigilator, get another question booklet of the same series.**


***उदाहरण :***

**प्रश्न :**

**प्रश्न 1**

**प्रश्न 2**

**प्रश्न 3**




5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
7. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।
9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।
10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।
11. परीक्षा कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।
12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।**